संख्या-1/2021/2858/सैंतीस-2-2020-1(43)/02

प्रेषक,

मंजू लता,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/प्रक्षेत्र प्रबन्धक,
(संलग्न विवरणानुसार)
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक-04 जनवरी, 2021

विषयः- **चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढीकरण तथा प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराना (जि.यो.) (कम्पोनेन्ट) के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 के पत्र सं0-72/प0-1/9ख/सूकर प्रक्षेत्र/1/2020-21, दिनांक-16.12.2020 के संदर्भ में एवं शासनादेश संख्या-71/2020/2111/सैंतीस-2-2020-1(43)/02, दिनांक-25.09.2020 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक-2403-पशुपालन-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-10-सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढीकरण तथा प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराना (जि.यो.) के निम्नलिखित मानक मदों में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष रू0-156.65 लाख (रूपये एक करोड़ छप्पन लाख पैंसठ हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति संलग्न जनपदवार विवरणानुसार अधोलिखित प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

मानक मद	**स्वीकृत धनराशि (लाख में)**
02-मजदूरी	11.00
29-अनुरक्षण	29.00
39-औषधि तथा रसायन	3.85
40-औषधालय सम्बन्धी आवश्यक सज्जा	1.80
42-अन्य व्यय	4.00
43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	107.00
योग-	**156.65**

(रूपये एक करोड़ छप्पन लाख पैंसठ हजार मात्र)

1. स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग योजना आयोग, भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा एस.सी.एस.पी./टी.एस.पी. हेतु निर्धारित मानक एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जायेगा।
2. चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु जिला योजनाओं के जनपदवार/योजनावार परिव्यय निर्धारण के उपरान्त स्वीकृत धनराशि को आवंटित परिव्यय में समायोजित कराते हुए यथावश्यकता सम्बन्धित जनपदों की जिला योजना समिति का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किये जाने का उत्तरदायित्व निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 का होगा।
3. स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर में जमा नहीं किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किया जायेगा।
5. स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग उसी प्रयोजन हेतु किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की गयी है।
6. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय योजना के दिशा-निर्देशों व निर्माण संबंधी कार्यों हेतु समय-समय पर संगत शासनादेशों में निहित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।
7. प्रायोजना में सम्मिलित उपकरणों आदि का क्रय सुसंगत क्रय नियमों/स्टोर पर्चेज रूल्स/यथावश्यकता जेम पोर्टल के अन्तर्गत/माध्यम से किया जायेगा।
8. स्वीकृत धनराशि का आहरण एकमुश्त न किया जाये अपितु आवश्यकतानुसार धनराशि का आहरण किया जाये।
9. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक-24.03.2020, 07.04.2020, 11.04.2020 एवं दिनांक-18.05.2020 तथा शासनादेश दिनांक-06.06.1994 द्वारा निर्गत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक-2403-पशुपालन-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-10-सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढीकरण तथा प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराना (जि.यो.) की सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-1-1052/दस-2020, दिनांक-28.12.2020 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीया,

(मंजू लता)
विशेष सचिव।

<u>पृ0सं0-1/2021/2858(1)/सैंतीस-2-2020- तद्दिनांक ।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. निदेशक (प्रशासन एवं विकास/रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0।
4. उप निदेशक (प्रक्षेत्र), महानगर, लखनऊ।
5. सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/जिलाधिकारी।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-1/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन अनु0-3 ।
7. बजट प्रकोष्ठ/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार द्विवेदी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-1/2021/2858/सैंतीस-2-2020-1(43)/02, दिनांक-04 जनवरी, 2021 का संलग्नकः-

सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढ़ीकरण तथा प्रजनन सुविधायें उपलब्ध कराना (जि.यो.) (कम्पोनेन्ट) (2020-21)

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0 सं0	जनपद का नाम	मानक मद						योग
		02-मजदूरी	29-अनुरक्षण	39-औषधि तथा रसायन	40-औषधालय संबंधी आवश्यक सज्जा	42-अन्य व्यय	43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	
1	2	3	4	5	6	7		8
1	सम्भागीय सूकर प्रजनन केन्द्र, सी.डी.एफ. अलीगढ हेतु	0.00	5.00	0.75	0.20	0.30	15.07	21.32
2	राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, सैदपुर-ललितपुर (सूकर प्रजनन केन्द्र हेतु)	2.00	3.00	0.55	0.60	1.30	9.30	16.75
3	राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, नीलगांव, सीतापुर (सूकर प्रजनन केन्द्र हेतु)	5.00	8.00	0.50	0.45	1.20	25.00	40.15
4	सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र, आराजीलाइन्स, वाराणसी हेतु	3.00	5.00	0.40	0.20	0.00	30.00	38.60
5	परियोजना निदेशक, वृहद भेड प्रजनन प्रक्षेत्र, नौगढ, चन्दौली (सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र हेतु)	0.50	0.00	0.10	0.00	0.50	3.63	4.73
6	राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र निबलेट, बाराबंकी (सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र हेतु)	0.50	8.00	1.55	0.35	0.70	24.00	35.10
योग-		**11.00**	**29.00**	**3.85**	**1.80**	**4.00**	**107.00**	**156.65**

(रूपये एक करोड़ छप्पन लाख पैंसठ हजार मात्र)

(विनोद कुमार द्विवेदी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।